तापमान

भोपाल	23.0°	28.0°
इंदौर	23.0°	27.0°
जबलपुर	24.0°	26.0°
ग्वालियर	26.0°	32.0°
सागर	23.0°	28.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 254, पृष्ठ 12)
श्रावण, हरियाली अमावस संवत् 2083
बुधवार, 12 अगस्त 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... वन पर्यटन से जनजातीय परिवारों की आय ...

व्यापार... देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना...

खेल... कामनवेल्थ के तीन पदक विजेता केबीसी में आएंगे...

देश-विदेश... पाकिस्तान में चरम पर बगावत के बीच सैन्य...



खास-खबरें

पीएम बोले, हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ें

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी कर देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने की अपील की। उन्होंने लोगों से 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस आन-बान-शान के साथ मनाने और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने का आह्वान किया। पीएम मोदी ने कहा कि देशवासी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लें। उन्होंने लोगों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील करते हुए कहा, हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा, हर मन तिरंगा।

नेताजी की अस्थियाँ भारत लाने की मांग

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की अस्थियां जापान से भारत लाने की मांग को लेकर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। यह याचिका नेताजी की बेटी अनिता बोस ने दायर की है। याचिका में जापान से नेताजी की अस्थियां भारत वापस लाने की मांग की गई है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की अस्थियां जापान की राजधानी टोक्यो स्थित रेंकोजी मंदिर में सुरक्षित रखी हुई हैं।

अब तक 19.6 इंच बारिश, सामान्य से 3.2 इंच कम; कई नदियों का जलस्तर बढ़ा, बड़ा तालाब 1663.10 फीट भरा

प्रदेश में अनवरत वर्षा से राहत के साथ आफत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश में पिछले 60 घंटे से लगातार बारिश का दौर जारी है। बारिश से जहां लोगों को राहत मिली है, वहीं कई इलाकों में जलभराव और नदियों के उफान से परेशानी बढ़ी है। भोपाल, गुना में बुधवार को विद्यालय बंद रहेंगे।

नर्मदा, कालीसिंध और बेतवा समेत कई नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। आगर-मालवा और उमरिया में जलाशयों के गेट खोलकर पानी छोड़ा गया है। वहीं भोपाल की लाइफ-लाइन बड़े तालाब में अब भराव क्षमता तक पहुंचने के लिए करीब चार फीट पानी की जरूरत है। मौसम केंद्र के अनुसार प्रदेश में अब तक 498.3 मिलीमीटर यानी 19.6 इंच बारिश दर्ज की गई है। यह सामान्य बारिश 579.7 मिलीमीटर यानी 22.8 इंच से करीब 3.2 इंच कम है। इस तरह प्रदेश में अब तक सामान्य से करीब 14 प्रतिशत कम बारिश हुई है। इसके बावजूद पिछले दो दिनों से सक्रिय स्ट्रॉन्ग सिस्टम के कारण प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अच्छी बारिश हुई है। लगातार हो रही बारिश से भोपाल के बड़े तालाब में दो दिन में करीब 3 फीट पानी बढ़ गया है। तालाब का जलस्तर अब 1663.10 फीट पहुंच गया है, जबकि इसकी कुल भराव क्षमता 1666.80 फीट है। इस तरह तालाब को पूरी क्षमता तक भरने के लिए अब करीब 3.80 फीट पानी की जरूरत है। दो दिन पहले तक प्रदेश के कई हिस्सों में सूखे जैसे हालात थे और जलसंकट की आशंका बनी हुई थी। बारिश के बाद अब बांधों और जलाशयों में पानी की आवक बढ़ने लगी है। बड़े तालाब में एक दिन में करीब पौन फीट पानी जमा हुआ।

कोलार डैम का जलस्तर मंगलवार दोपहर तक 1496.65 फीट पहुंच गया। इसकी कुल क्षमता 1516.40 फीट है। कैचमेंट क्षेत्र में तेज बारिश होने पर जलस्तर और बढ़ने की उम्मीद है। केरवा डैम में 1652.52 फीट पानी दर्ज किया गया है। इसकी कुल क्षमता 1673 फीट है। दो दिन में यहां करीब 3 फीट पानी बढ़ा है।

कलियासोत डैम का जलस्तर 1650.09 फीट पहुंच गया है। इसकी कुल क्षमता 1659 फीट है और अभी करीब 9 फीट की गुंजाइश है। बड़े तालाब और भदभदा के गेट खुलने के बाद कलियासोत में पानी तेजी से बढ़ने की संभावना है।



प्रदेश में रेस्क्यू ऑपरेशन से 527 लोगों की बचाई गई जान जरूरत पर एयर एंबुलेंस उपलब्ध कराने के निर्देश

सीएम ने अतिवृष्टि और बाढ़ की स्थिति का लिया जायजा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को राज्य आपदा कमान एवं नियंत्रण केंद्र के सिचुएशन रूम पहुंचकर प्रदेश में अतिवृष्टि, जलभराव और बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर चलाए जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली और प्रभावित लोगों तथा बचाव कार्य में लगे कर्मचारियों से वर्चुअल संवाद किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि एसडीआरएफ, पुलिस और होमगार्ड की त्वरित कार्रवाई से अब तक 527 लोगों की जान बचाई गई है। उन्होंने बचाव कार्य में सहयोग कर रहे स्थानीय लोगों की भी सराहना की और ऐसे लोगों को पुरस्कृत करने की व्यवस्था करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को पूरी सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ राहत-बचाव कार्य जारी रखने के निर्देश दिए। जरूरत पड़ने पर आसपास के जिलों से सहयोग लेने और एयर एंबुलेंस की सेवा उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि पुलिया पर पानी होने की स्थिति में किसी भी वाहन को गुजरने न दिया जाए। मुख्यमंत्री ने राजगढ़, सीहोर, आगर मालवा, विदिशा और खंडवा में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन का वर्चुअल अवलोकन भी किया। उन्होंने अतिवृष्टि जल भराव और बाढ़ की स्थिति में हर संभव सावधानी बरतने के निर्देश दिए।

कैबिनेटः भोपाल बायपास को सिक्सलेन बनाने की तैयारी

भोपाल-विदिशा फोरलेन के लिए 1,757 करोड़ रुपये मंजूर : सीएम

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रदेश के विकास और जनकल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

भोपाल को मेट्रोपॉलिटिन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की दिशा में भोपाल-विदिशा मार्ग को टू-लेन से फोरलेन में उन्नयन के लिए 1,757 करोड़ 55 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। करीब 44.830 किलोमीटर लंबे मार्ग पर पेव्ड शोल्डर का निर्माण भी होगा। यह मार्ग भोपाल को विदिशा से जोड़ते हुए सांची और कर्क रेखा जैसे महत्वपूर्ण स्थलों से गुजरता है। मंत्रि-परिषद ने भोपाल बायपास को सिक्सलेन बनाने के दृष्टिगत 19 जुलाई 2026 से 31 दिसंबर 2031 तक यूजर फीस संग्रहण की अनुमति दी है। इसकी अवधि पांच वर्ष तक बढ़ाने के लिए लोक निर्माण विभाग को अधिकृत किया गया है। संयुक्त वन प्रबंधन समितियों को लाभांश प्रदाय योजना के लिए वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक 918 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई। अब वन समितियों से जुड़े श्रमिकों के साथ क्षेत्र के रहवासियों को भी लाभांश मिलेगा। किसान कल्याण वर्ष में सीहोर जिले की इछावर तहसील के भाऊखेड़ी गांव में नेशनल सोयाबीन रिसर्च इंस्टीट्यूट की स्थापना के लिए 20 हेक्टेयर भूमि स्थायी पट्टे पर देने का फैसला हुआ। स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन के लिए 2026-27 से 2030-31 तक 44,515.13 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। इसमें नेशनल हेल्थ मिशन के लिए 28,083.47 करोड़ और आयुष्मान भारत के लिए 12,123.81 करोड़ रुपये शामिल हैं। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के आगामी पांच वर्षों के संचालन के लिए 795 करोड़ 59 लाख रुपये मंजूर किए गए। रानी दुर्गावती राज्य स्तरीय पुरस्कार और रानी अवंती बाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार की राशि दो-दो लाख की मंजूरी मिली।

पन्ना में मिला 50 लाख का हीरा

नईदुनिया प्रतिनिधि, पन्नाः पन्ना जिले की एक खदान में 16.96 कैरेट का जेम क्वालिटी हीरा मिला है। विशेषज्ञों ने इसकी अनुमानित कीमत 50 लाख से अधिक बताई है। हीरे को सरकारी कार्यालय में जमा करा दिया गया है और इसे अगली नीलामी में रखा जाएगा। रॉयल्टी और टैक्स की कटौती के बाद नीलामी से मिली राशि खदान के मालिकों को दी जाएगी। खदान में सात साझेदार हैं। इनमें अखिलेश पाल, संतोष कुशवाहा, शर्मन पाल, अरुण रावत, हेमचंद्र पाल, जमुना पाल और हीरालाल कुशवाहा शामिल हैं।

एनडीए और विपक्षी आमने-सामने

भाजपा सांसद ने पूछा- राहुल झारखंड क्यों नहीं गए, प्रियंका गांधी ने कहा- छात्रों से मिल चुके हैं

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः मानसून सत्र के दौरान मंगलवार को संसद परिसर में एनडीए और विपक्षी दलों के सांसद आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की।

एनडीए सांसदों ने विपक्ष पर संसद में चर्चा से भागने का आरोप लगाया, जबकि विपक्षी सांसदों ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ नारे लगाए।

प्रियंका गांधी के संसद पहुंचने पर भाजपा सांसदों ने राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। भाजपा सांसद मुकेश दलाल ने सवाल किया कि राहुल गांधी झारखंड में छात्र प्रदर्शनकारियों से मिलने क्यों नहीं गए। इस पर प्रियंका गांधी उनके पास पहुंचीं और कहा कि राहुल झारखंड जा चुके हैं और छात्रों से मिल चुके हैं। संसद परिसर के मकर द्वार पर एनडीए सांसदों ने राहुल गांधी के खिलाफ पोस्टर लेकर विरोध मार्च निकाला। दूसरी ओर विपक्षी सांसदों ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी के सांसदों ने भी इस मुद्दे पर विरोध जताया। लोकसभा की कार्यवाही पहले सुबह 11 बजे तक स्थगित की गई। दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, लेकिन हंगामे के कारण करीब आधे घंटे बाद इसे बुधवार तक स्थगित कर दिया गया। राज्यसभा की कार्यवाही जारी रही।

पूर्व राष्ट्रपति असद को फांसी की सजा

दमिश्क, एजेंसीः सीरिया की एक अदालत ने मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद, उनके छोटे भाई माहेर अल-असद और ममेरे भाई अतीफ नजीब को फांसी की सजा सुनाई। तीनों को गृहयुद्ध के दौरान हुई हत्याओं और अत्याचारों के मामलों में दोषी ठहराया गया है। बशर और माहेर दिसंबर 2024 में सरकार गिरने के बाद रूस भाग गए थे। दोनों की गैरमौजूदगी में फैसला सुनाया गया। अतीफ नजीब को मंगलवार को कैदी की वर्दी में पिंजरे के अंदर अदालत में पेश किया गया। अतीफ नजीब सीरियाई सेना में ब्रिगेडियर जनरल रह चुके हैं। 2011 में वह दारा प्रांत में राजनीतिक सुरक्षा शाखा के प्रमुख थे। उन पर प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश देने का आरोप है। इसके बाद विरोध प्रदर्शन तेज हुए और सीरिया में गृहयुद्ध भड़क गया। 2011 से 2024 तक चले संघर्ष में करीब पांच लाख लोगों की मौत हुई।

भाजपा के झारखंड बंद का मिला-जुला असर

छात्र आंदोलन में 100 से ज्यादा घायल होने का दावा

नईदुनिया ब्यूरो, रांचीः रांची में सोमवार को हुए लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा के झारखंड बंद का मंगलवार को मिलाजुला असर रहा। कई जगह बाजार बंद रहे, जबकि स्कूल और दफ्तर खुले रहे। रांची समेत कई जिलों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़कें जाम कीं और कुछ स्थानों पर दुकानें बंद कराने का प्रयास किया। पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। इधर, पुरानी विधानसभा के पास एबीवीपी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हुई। कार्यकर्ता विधानसभा घेराव के लिए जुटे थे। पुलिस के पहुंचने पर कुछ कार्यकर्ता सड़क पर लेट गए और कुछ पुलिस वाहन के सामने बैठ गए।

त्वरित टिप्पणी — *बारिश ने धो दिए स्मार्ट सिटी और नगर निगम के दावे...*

पहली ही बारिश में नगर निगम के दावों की खुली कलई!

डॉ. शिशिर उपाध्याय

पहली बारिश ने ही शहर की स्मार्टनेस की ऐसी धुलाई की कि सारे दावे कीचड़ में मिल गए। जिन सड़कों को स्मार्ट बताया गया था, वहां पानी का राज है। मेट्रो और फ्लाईओवर के नीचे वही पुराना दलदल लौट आया है। गाड़ियां तैर रही हैं, लोग फंस रहे हैं और जिम्मेदार विभाग शायद इस दृश्य को 'वॉटर एडवेंचर' मानकर संतुष्ट हैं। हर साल मानसून से पहले नालों की सफाई होती है। बैठकें होती हैं, निरीक्षण होते हैं, तस्वीरें खिंचती हैं और दावा किया जाता है कि इस बार जलभराव नहीं होगा। फिर बारिश आती है और दावा बह जाता है। जनता सड़क पर पानी में खड़ी होती है और सरकारी व्यवस्था प्रेस नोट में 'नियंत्रण' में रहती है। सवाल है कि नियंत्रण आखिर किसका है - पानी का, ट्रैफिक का या जिम्मेदारी से बचने की कला का? नगर निगम कहेगा कि नाले साफ कराए गए थे। स्मार्ट सिटी कंपनी अपने प्रोजेक्ट गिनाएगी। मेट्रो प्रबंधन कह सकता है कि ड्रेनेज उसकी जिम्मेदारी नहीं है। ठेकेदार कहेगा कि उसे जो काम दिया गया था, वह पूरा कर दिया। लेकिन जनता पूछेगी कि फिर पानी जाएगा कहां? कागजों में नालियां साफ हैं, योजनाएं पूरी हैं और परियोजनाएं स्मार्ट हैं, तो जमीन पर शहर हर बारिश में क्यों डूबता है?

यही सबसे बड़ा सवाल है। विकास का मतलब केवल फ्लाईओवर खड़े करना, मेट्रो के पिलर लगाना, स्मार्ट लाइट चमकाना और दीवारों पर रंग भरना नहीं है। असली परीक्षा तब होती है, जब आसमान से पानी गिरता है। अगर बारिश होते ही सड़क नदी और अंडरपास तालाब बन जाएं तो स्मार्टनेस की चमक पर सवाल उठना स्वाभाविक है। सबसे अधिक चिंता उन जगहों को लेकर है, जहां नई परियोजनाओं के साथ जलनिकासी की व्यवस्था मजबूत होनी चाहिए थी। मेट्रो के नीचे पानी भरता है, अंडरपास में वाहन फंसते हैं और लोगों को जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ता है। करोड़ों रुपये की परियोजनाओं में ड्रेनेज जैसी बुनियादी जरूरत आखिर कैसे नजरअंदाज हो जाती है? क्या परियोजना की योजना बनाते समय बारिश सिर्फ फाइल में होती है?

अब जरूरत बयान देने की नहीं, जवाबदेही तय करने की है। नगर निगम बताए कि हर साल सफाई पर खर्च होने वाला पैसा कहां और कैसे खर्च हुआ। स्मार्ट सिटी कंपनी बताए कि जलनिकासी से जुड़े कौन-कौन से काम किए गए और उनका परिणाम क्या रहा। संबंधित एजेंसियां यह स्पष्ट करें कि नई परियोजनाओं के नीचे जलभराव रोकने की स्थायी व्यवस्था क्यों नहीं है। जिस काम में कमी मिली है, वहां जिम्मेदारी तय हो और जरूरत हो तो ठेकेदार से वसूली भी हो। और हां, हर बारिश के बाद 'जांच कराएंगे' वाला जुमला अब पुराना हो चुका है। जांच की फाइलें भी शायद इतनी बारिश देख चुकी हैं कि उन्हें भी तैरना आ गया होगा। जनता को जांच नहीं, नतीजा चाहिए।

जनता टैक्स देती है, शहर के विकास के लिए पैसा देती है और बदले में हर मानसून में उसे जलभराव, जाम और अव्यवस्था का सामना करना पड़े तो सवाल उठेंगे ही। स्मार्ट सिटी का मतलब यह नहीं कि शहर के बोर्ड पर स्मार्ट लिख दिया जाए। स्मार्ट शहर वह है, जहां बारिश आम आदमी के लिए आफत न बने। बारिश को रोका नहीं जा सकता, लेकिन पानी कहां जाएगा, यह तय किया जा सकता है। हर साल बारिश आती है, हर साल शहर डूबता है और हर साल वही दावे दोहराए जाते हैं। अब दावों की नहीं, जलनिकासी की जरूरत है; प्रेस नोट की नहीं, जवाबदेही की जरूरत है। वरना अगली बारिश भी यही पूछेगी - शहर स्मार्ट हुआ है या सिर्फ उसकी फाइलें?

हूतियों ने सऊदी जहाज पर किया हमला

सना, एजेंसीः यमन के हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को बाब अल-मंदेब स्ट्रेट में सऊदी जहाज पर मिसाइल हमला किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमले में तीन क्रू मेंबर मारे गए। इनमें दो पाकिस्तानी और एक इंडोनेशियाई नागरिक शामिल था। तंजानिया के झंडे वाले इस जहाज का नाम तिहामा बताया गया है। यह ओमान के सलालाह पोर्ट से जिबूती जा रहा था। हूतियों ने 20 जुलाई से सऊदी जहाजों की नाकाबंदी शुरू की थी।

कोलंबिया में भूकंप से 132 लोगों की मौत

बोगोटा, एजेंसीः दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में सोमवार रात आए 7.4 तीव्रता के भूकंप से अब तक 132 लोगों की मौत हो गई, जबकि 570 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप से देशभर में 86 इमारतें ढह गईं और 1,500 से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचा है। 18 स्वास्थ्य केंद्रों और 52 स्कूलों को भी क्षति हुई है। भूकंप के बाद सात एयरपोर्ट पर काम रोक दिया गया है। पांच शहरों में रेड अलर्ट जारी किया गया है।